# रक्षा सामग्री एवं भंडार अनुसंधान एवं वकिास प्रतष्ठिान (DMSRDE)

## चर्चा में क्यों?

**रक्षा राज्य मंत्री** ने उत्तर पदेश के **कानपुर** में स्थति **रक्षा सामग्री एवं भंडार अनुसंधान एवं वकिास प्रतष्ठिान (DMSRDE)** , जो **DRDO** की एक प्रमुख प्रयोगशाला है, का दौरा कयिा तथा **स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगकियिों**, वशिषकर **ऑपरेशन सदि़ूर** के संदर्भ में इसकी भूमकिा की सराहना की।

## मुख्य बदिु

- **स्वदेशी रक्षा नवाचारों को मान्यता:**
  - **DMSRDE** को उन्नत रक्षा प्रणालयिों और **स्वदेशी उत्पादों के वकिास में** महत्त्वपूर्ण योगदान के लयि सराहना मलिी। प्रमुख उपलब्धयिों में शामलि हैं:
- **बुलेट प्रूफ जैकेट (लेवल-6)**-देश की **सबसे हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट**
  - **ब्रह्मोस मसिाइल** के लयि नेफथाइल ईंधन
  - भारतीय तटरक्षक पोतों के लयि उच्च दबाव पॉलमिर झल्लियिाँ
- **सलिकिॉन कार्बाइड फाइबर**
  - सक्रयि कार्बन फैब्रकि-आधारति **रासायनकि, जैवकि, रेडयिोलॉजकिल और परमाणु (CBRN) सूट**
  - युद्ध क्षेत्र में जीवति रहने की क्षमता बढ़ाने वाली **गुप्त सामग्रयिों की एक शृंखला**
- **प्रौद्योगकिी हस्तांतरण और उद्योग सहयोग में अग्रणी:**
  - **DMSRDE** ने पछिले 2 वर्षों में सभी **DRDO** प्रयोगशालाओं में सबसे अधकि प्रौद्योगकिी हस्तांतरण कयिा है।
  - प्रयोगशाला ने वर्ष **2047 तक वकिसति भारत** के राष्ट्रीय दृष्टकिोण के अनुरूप, **उद्योग तथा शकि्षा जगत** के साथ सहयोग पर केंद्रति कयिा है।
- **व्यापक योगदान:**
  - नैनो-सामग्री, तकनीकी वस्त्र, छलावरण प्रणाली, कोटगि्स, रबर और स्नेहक क्षेत्रों में नवाचार प्रस्तुत कयिे गए।
  - यह अत्याधुनकि **दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगकियिों** के वकिास हेतु **DRDO** की प्रतबिद्धता को प्रमाणति करता है।

## DRDO के बारे में

- **DRDO की स्थापना वर्ष 1958** में भारतीय सेना के **तकनीकी वकिास प्रतष्ठिान (TDE), तकनीकी वकिास और उत्पादन नदिेशालय (DTDP)** और **रक्षा वज्ञिान संगठन (DSO)** का संयोजन करके की गई थी।
  - **DRDO** भारत सरकार के **रक्षा मंत्रालय** का अनुसंधान एवं वकिास वगि है।
  - आरंभ में DRDO के पास 10 प्रयोगशालाएँ थीं, वर्तमान में यह 41 प्रयोगशालाओं और 5 **DRDO युवा वैज्ञानकि प्रयोगशालाओं (DYSL)** का संचालन करता है।
- **सद्धिांत:** DRDO का मार्गदर्शक सद्धिांत ***"?????? ???? ?????????? "*** **(शक्तवि‍ज्ञान में नहिति है) है,** जो राष्ट्र को शांति और युद्ध दोनों ही स्थतिि में मार्गदर्शति करता है।
- **मशिन:** इसका मशिन तीनों सेनाओं की आवश्यकताओं के अनुसार भारतीय सशस्त्र बलों को अत्याधुनकि हथयिार प्रणालयिों और उपकरणों से लैस करते हुए **महत्त्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगकियिों तथा प्रणालयिों में आत्मनरि्भर** होना है।

## ब्रह्मोस मसिाइल:

- भारत-रूस संयुक्त उद्यम, ब्रह्मोस मसिाइल की **मारक क्षमता 290 कमिी. है** और यह मैक 2.8 (ध्वनकिी गतसि‍े लगभग तीन गुना) की उच्च गति के साथ **वशि्व की सबसे तेज़ क्रूज़ मसिाइल** है।
  - इसका नाम भारत की **ब्रह्मपुत्र नदी** और रूस की **मोस्कवा नदी** के नाम पर रखा गया है।
- यह दो चरणों वाली **(पहले चरण में ठोस प्रणोदक इंजन और दूसरे में तरल रैमजेट)** मसिाइल है।
- यह एक मल्टीप्लेटफॉर्म मसिाइल है **जसि‍े स्थल, वायु एवं समुद्र में बहुक्षमता वाली मसिाइल से सटीकता के साथ लॉन्च कयिा जा सकता** है जो खराब मौसम के बावजूद दनि और रात में काम कर सकती है।
- यह 'दागो और भूल जाओ' (Fire and Forget) सद्धिांत पर काम करती है यानी लॉन्च के बाद इसे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं होती।

# ऑपरेशन सदिूर

- यह पहलगाम आतंकी हमले के प्रत्युत्तर में 7 मई, 2025 को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा लॉन्च कयिा गया एक समन्वति स्ट्राइक ऑपरेशन था।
    - इसे भारतीय भू-भाग से **सेना, नौसेना और वायु सेना** के समन्वति प्रयासों द्वारा कार्यान्वति कयिा गया।
    - पछिले अभयिानों के आक्रामक और शक्त‍ि प्रदर्शन पर केंद्रति नामों के वपिरीत, इस अभयिान का नाम पीड़तिों, वशिषेकर पहलगाम हमले की वधिवाओं, के प्रत‍ि **व्यक्तगित श्रद्धांजल‍ि** स्वरूप चुना गया था।
- **लक्ष्य:** 'ऑपरेशन सदिूर' के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकस्तिान और पाकस्तिान अधकिृत कश्मीर (PoJK) में स्थति**जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हजिबुल मुजाहदिीन से संबद्ध आतंकी ठकिानों** को लक्षति कयिा।
    - इन हमलों का उद्देश्य भारत के खलिाफ हमलों की योजना बनाने में इस्तेमाल कयि गए आतंकवादी ठकिानों को नष्ट करना था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/defence-materials-and-stores-research-and-development-establishment-dmsrde